# कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर, म0प्र0

नारायण कृष्ण शेजवलकर, प्रपासनिक भवन, सिटी सेन्टर, ग्वालियर– 474001
Tel: 0761-2438300, 4080352 Email ID: nn.gwalior@mpurban.gov.in


क्र. 1/26/2/10/सा.प्र./2026/25321 ग्वालियर, दिनांक 18/08/2026

प्रति,

थाना प्रभारी
थाना विश्वविद्यालय
जिला–ग्वालियर, म.प्र.

विषयः– टेण्डर सेल से निगम सेवक का डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट(डी.एस.सी.) चोरी होने के संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज किये जाने बावत्।

उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि दिनांक 23.07.2026 को नगर निगम मुख्यालय स्थित टेंडर शाखा में विद्युत विभाग, नगर निगम ग्वालियर के प्रकरण में टेंडर लगाने के लिये श्री रामबाबू दिनकर प्रभारी सहायक यंत्री विद्युत का डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट(डी.एस.सी.) टेबल पर रखा हुआ था उसी समय अनाधिकृत रूप से श्री बृजेश श्रीवास टेंडर शाखा में आये और अकारण ही कार्यालय में बैठे रहे। कुछ समय पश्चात श्री बृजेश श्रीवास के जाने के उपरांत विद्युत शाखा के प्रकरणों में टेण्डर लगाये जाने हेतु डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डी.एस.सी.) की आवश्यकता हुई, परंतु टेबल रखा हुआ डी.एस.सी.(डोंगल) गायब था जिसे कार्यालय में सभी जगह खोजा गया, परंतु डी.एस.सी.(डोंगल) कार्यालय में कहीं भी नहीं मिला।

02/ सांयकाल तक डी.एस.सी.(डोंगल) नहीं मिलने पर कार्यालय में स्थापित सी.सी. टी.वी. कैमरे की रिकॉर्डिंग जांच किये जाने पर ज्ञात हुआ कि श्री बृजेश श्रीवास द्वारा टेबल पर रखे डिजिटल हस्ताक्षर सर्टिफिकेट(डी.एस.सी.) को उठाते हुए अपनी जेब में रख लिया है, जिसके संबंध में कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों 1. श्री बनवारी बाथम 2. श्री दुष्यंत शर्मा 3. श्री लवलेश श्रीवास्तव के कथन एवं सी.सी.टी.व्ही. कैमरे की रिकॉर्डिंग संलग्न है।

उक्त संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज करवाने के लिये श्री यशवंत मैकले, नोडल अधिकारी टेंडर शाखा थाना विश्वविद्यालय में उपस्थित होंगे। अतः आप संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए एफ.आई.आर. दर्ज किये जाने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

18/8/26
आयुक्त
नगर पालिक निगम, ग्वालियर

पृ.क्र. 1/26/2/10/सा.प्र./2026/25322 ग्वालियर, दिनांक 18.08.2025

प्रतिलिपि :–

श्री यशवंत मैकले, नोडल अधिकारी टेंडर शाखा, नगर निगम ग्वालियर की ओर उक्त संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज करवाने बाबत्।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, ग्वालियर

Scanned with CamScanner

①

कथन

नाम :– कनेबारी बाथम

पदनाम :– लिपिक

विभाग का नाम :– ई-टेण्डर शाखा

मैं सत्यपूर्वक कथन करता हूँ कि दिनांक 23.07.2026 को नगर निगम मुख्यालय स्थित टेंडर शाखा में विद्युत विभाग, नगर निगम ग्वालियर के प्रकरण में टेंडर लगाने के लिये श्री रामबाबू दिनकर प्रभारी सहायक यंत्री विद्युत का डोंगल टेबल पर रखा हुआ था उसी समय अनाधिकृत रूप से माननीय पार्षद श्री बृजेश श्रीवास जी वार्ड कमांक 21 टेंडर शाखा में आये और बिना किसी कार्य के कार्यालय में बैठे रहे। कुछ समय पश्चात पार्षद जी के जाने के उपरांत विद्युत शाखा के प्रकरणों में टेण्डर लगाये जाने हेतु डोंगल की आवश्यकता हुई, परंतु टेबल रखा हुआ डोंगल वहां पर नहीं था जिसे टेन्डर शाखा में हम सभी लोगों द्वारा हर जगह देखा गया, परन्तु डोंगल शाम तक हमें नहीं मिला। शाम को डोंगल नहीं मिलने पर ऑफिस में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे की रिकॉर्डिंग देखने पर पता चला कि पार्षद जी द्वारा डोंगल को अपने हाथ में उठाकर जेब में रख लिया है और वे डोंगल को अपने साथ ले गये।

Bali
23-7-26
कथनकर्ता

Scanned with CamScanner

(2)

कथन

नाम :– दुष्यन्त शर्मा

पदनाम :– कम्प्यूटर ऑपरेटर

विभाग का नाम :– ई-टेण्डर

मैं सत्यपूर्वक कथन करता हूँ कि दिनांक 23.07.2026 को नगर निगम मुख्यालय स्थित टेंडर शाखा में विद्युत विभाग, नगर निगम ग्वालियर के प्रकरण में टेंडर लगाने के लिये श्री रामबाबू दिनकर प्रभारी सहायक यंत्री विद्युत का डोंगल टेबल पर रखा हुआ था उसी समय अनाधिकृत रूप से माननीय पार्षद श्री बृजेश श्रीवास जी वार्ड कमांक 21 टेंडर शाखा में आये और बिना किसी कार्य के कार्यालय में बैठे रहे। कुछ समय पश्चात पार्षद जी के जाने के उपरांत विद्युत शाखा के प्रकरणों में टेण्डर लगाये जाने हेतु डोंगल की आवश्यकता हुई, परंतु टेबल रखा हुआ डोंगल वहां पर नहीं था जिसे टेन्डर शाखा में हम सभी लोगों द्वारा हर जगह देखा गया, परन्तु डोंगल शाम तक हमें नहीं मिला। शाम को डोंगल नहीं मिलने पर ऑफिस में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे की रिकॉर्डिंग देखने पर पता चला कि पार्षद जी द्वारा डोंगल को अपने हाथ में उठाकर जेब में रख लिया है और वे डोंगल को अपने साथ ले गये।

कथनकर्ता

23/07/26

Scanned with CamScanner

कथन

नाम :– लवलेश श्रीवास्तव

पदनाम :– कम्प्यूटर ऑपरेटर

विभाग का नाम :– ई-टेण्डर शाखा

मैं सत्यपूर्वक कथन करता हूँ कि दिनांक 23.07.2026 को नगर निगम मुख्यालय स्थित टेंडर शाखा में विद्युत विभाग, नगर निगम ग्वालियर के प्रकरण में टेंडर लगाने के लिये श्री रामबाबू दिनकर प्रभारी सहायक यंत्री विद्युत का डोंगल टेबल पर रखा हुआ था उसी समय अनाधिकृत रूप से माननीय पार्षद श्री बृजेश श्रीवास जी वार्ड कमांक 21 टेंडर शाखा में आये और बिना किसी कार्य के कार्यालय में बैठे रहे। कुछ समय पश्चात पार्षद जी के जाने के उपरांत विद्युत शाखा के प्रकरणों में टेण्डर लगाये जाने हेतु डोंगल की आवश्यकता हुई, परंतु टेबल रखा हुआ डोंगल वहां पर नहीं था जिसे टेन्डर शाखा में हम सभी लोगों द्वारा हर जगह देखा गया, परन्तु डोंगल शाम तक हमें नहीं मिला। शाम को डोंगल नहीं मिलने पर ऑफिस में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे की रिकॉर्डिंग देखने पर पता चला कि पार्षद जी द्वारा डोंगल को अपने हाथ में उठाकर जेब में रख लिया है और वे डोंगल को अपने साथ ले गये।

कथनकर्ता
23/07/26

Scanned with CamScanner